Regarding need to run a direct train between Bulandshahr and Delhi and provide goods and passenger services at Bulandshahr Railway Station-laid

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर)**:** बुलंदशहर जिले में गेहूं, चावल, चीनी, गुड़, फल, सब्जी और दूध की पैदावार ज्यादा होती है लेकिन पिछले 23 वर्षों में रेलवे लाइन का विस्तार नहीं होने से जिले का विकास लटक गया है। वर्ष 2013 में 115 किलोमीटर का प्रोजेक्ट बनाकर रेल बजट में सर्वेक्षण के लिए प्रस्तावित कर दिया गया था इसके बाद इस मामले में सुनवाई नहीं हुई। यदि रेलवे लाइन का विस्तार हो गया होता तो बुलंदशहर खुर्जा की तरह देश और विदेश में जाना जाता। इस जिले की पहचान खुर्जा की पॉटरी और नरौरा परमाणु केंद्र तक ही सीमित होकर रह गई। रेल बुलंदशहर से सीधे दिल्ली के लिए जाती तो जिले का किसान गेहूं, चावल, चीनी, गुड़, फल, सब्जी और दूध को दिल्ली व अन्य शहर में सीधे पहुंचा सकते थे। वर्ष 1998 से लगातार रेल की मांग की जा रही है। मेरी मांग है कि बुलंदशहर से दिल्ली तक अविलंब सीधी रेल सेवा प्रारभ की जाए। बुलंदशहर स्टेशन पर माल उतारने के लिए नये प्लेटफार्म, बुलंदशहर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बढ़ाने और स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाएं के लिए संसाधनों की व्यवस्था की जाए। इससे बुलंदशहर में विकास की गंगा बहने लगेगी।